5/26/22, 11:52 AM 22052022_2.jpg (798×666)

**निरीक्षण** • सीएम ने गया में गंगा जल आपूर्ति योजना की प्रगति का लिया जायजा

# जून में पूरा होगा काम, गया के 50% क्षेत्र में मिलेगा गंगा का शुद्ध पेयजल

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया के अवगीला में निर्माणाधीन गया-बोधगया जलशोधन संयंत्र एवं गया जलाशय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कार्य प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जून के अंत तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि जल्द-से-जल्द कार्य पूर्ण करें ताकि लोगों को गंगा जल शुद्ध पेयजल के रूप में मिल सके। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन रबर डैम के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फल्गु नदी के बाएं तट पर विष्णुपद मंदिर के निकट पूरे वर्ष जल उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसे जल्द-से-जल्द पूरा करें। पितृपक्ष के दौरान बड़ी संख्या में बाहर से लोग आते हैं। इस कार्य के पूर्ण होने से लोगों को सहूलियत होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ब्रह्म योनि पर्वत पर बुडको द्वारा निर्माणाधीन पेयजल योजना की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गया के 50 प्रतिशत क्षेत्र में यहां से गंगाजल, शुद्ध पेयजल के रूप में लोगों को उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य को जल्द-से-जल्द पूर्ण करें। गंगा का जल लोगों को शुद्ध पेयजल के रूप में मिलने लगेगा तो वे निजी बोरिंग का इस्तेमाल कम-से-कम करेंगे जिससे भूजल स्तर भी मेनटेन रहेगा। लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें।

## विष्णुपद मंदिर में सीएम ने की पूजा-अर्चना



विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना करते सीएम नीतीश कुमार। उन्होंने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री महाबोधि मंदिर भी गए, जहां उन्होंने भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, सांसद विजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मगध प्रमंडल के आयुक्त मयंक बड़वड़े, बुडको के प्रबंध निदेशक धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

https://wrd.fmiscwrdbihar.gov.in/documents/2022/22052022_2.jpg 1/1